चंद्रयान-3 की सफलता के लिए नन्हे -मुन्नों ने की भगवान से प्रार्थना

भारत की उपलब्धियां चांद तक पहुंचने से हर भारतीय रोमांचित :गोयल

न्यूज सर्विस/ नव ज्योति,मण्डावर। यहां इसरो द्वारा लांच किए गए चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए स्कूली छात्रों ने हवन-पूजन कर भगवान से प्रार्थना की गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को रूकमणी देवी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में छात्रों ने मिशन चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए सामूहिक रूप से भगवान से प्रार्थना की गई।

नन्हे-मुन्ने बालकों ने अपने हाथों से चंद्रयान-3 की तस्वीर बनाई। जिसके सामने खड़े होकर छात्रों ने भगवान से प्रार्थना की कि भारत का मून मिशन चंद्रयान 23 अगस्त चांद को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतरे। इसके साथ ही भारत चांद के दक्षिण ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन जाए। छात्रों ने भारत देश की शान चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए भगवान विष्णु,शिव,गणेश,हनुमान सहित अनेक देवी-देवताओं के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थनाएं कीं। इस दौरान प्रधान प्रत्याशी पूजा गोयल ने छात्रों को इसरों के मिशन चंद्रयान-3 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रव पर लैंडर और रोवर को उतारना है। यह मिशन चंद्रमा पर दक्षिण ध्रुव पर पानी की मौजूदगी का पता लगाने,चंद्रमा की सतह के बारे में और जानकारी प्राप्त करने और चंद्रमा की सतह पर इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करने में मदद करेगा। गोयल ने कहा कि प्रत्येक भारतीय उस पल को लेकर रोमांचित हो जाता है, जब भारत की उपलब्धियां चांद तक पहुंच जाएंगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मिशन चंद्रयान-3 चांद के दरवाजे पर दस्तक दे चुका है। अब बस सबको सफल लैंडिंग होने के उस समय का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन चंद्रयान-3 सफल होने पर चहुंओर जश्न मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूल निदेशक पदम गोयल सहित सभी स्टाफ मौजूद था।